>

Title: Need to start local trains from Mumbai to Dahanu , Dahanu to Valsad, Dahanu to Nashik and Kisain trains in Maharashtra.

श्री राजेन्द्र धेड्या गावित (पालघर): सभापति महोदय, मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र पालघर की ओर ले जाना चाहता हूं ।

महोदय, आज वसई, विरार और पालघर जिलों को तीसरी मुंबई माना जाता है । मुंबई उपनगरों से बड़े पैमाने पर प्रवासन के कारण पालघर जिले की आबादी तेजी से बढ़ रही है । इस बढ़ती आबादी और शहरीकरण के कारण नागरिकों को बुनियादी सुविधा प्रदान करने के लिए मुंबई से दहानु और दहानु से लेकर वलसाड़ तक उपनगरीय लोकल ट्रेन की सेवा परिचालित करना बहुत जरूरी है । इसी समय, पश्चिम उपनगर से पूर्व की तरफ दहानु से नासिक और कसारा से करजत तक मध्यवर्ती सेंट्रल रेलवे सेवा शुरू करने के लिए सर्वेक्षण करने की बहुत जरूरत है, ताकि उस वंचित क्षेत्र को यह सुविधा मिल सके । यह बहुत महत्वपूर्ण है । अत: माननीय रेल मंत्री जी से मेरी मांग है कि पर्यटन और प्राकृतिक रूप से प्रसिद्ध जिलों के लिए सब्जी, फूल, फल और डेयरी उत्पादन के लिए किसान ट्रेन नामक एक विशेष ट्रेन शुरू की जाए, ताकि वहां के लाखों किसान और व्यापारी लाभान्वित हों । रेल मंत्री जी से मेरी यही मांग है । धन्यवाद ।